भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 304

गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

'प्रसाद' योजना के तहत पुनौरा धाम को शामिल किया जाना

304#. श्री सुशील कुमार मोदीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि बिहार राज्य सरकार ने 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत बिहार राज्य सीतामढ़ी जिले में जानकी माता के जन्म स्थान पुनौरा धाम के विकास के लिए 3686.96 लाख रूपये की योजना शामिल करने का अनुरोध किया है;

(ख) इस योजना के अनुमोदन की स्थिति क्या है तथा निधियां कब तक जारी की जाएंगी; और

(ग) बिहार राज्य में 'स्वदेश दर्शन' की अन्य योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): जी, हॉ महोदय।

(ख): बिहार की राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध के अनुसार पर्यटन मंत्रालय ने पूर्व में पुनौरा धाम को स्वदेश दर्शन योजना के रामायण परिपथ में शामिल कर लिया था। मामले में कुछ प्रगति जैसे जैसे अवधारणा प्रस्तुति बैठक के आयोजन और साइट के दौरे के बाद परियोजना के अनुमोदन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी क्योंकि इस योजना की समीक्षा की जाने लगी। अतः बिहार की राज्य सरकार ने प्रशाद योजना के तहत पुनौरा धाम के विकास हेतु एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। राज्य सरकार के अनुरोध पर पुनौरा धाम गंतव्य को हाल ही में पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया है।

(ग): बिहार राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है:-

- वर्ष 2016-17 में 37.20 करोड़ रु. की लागत से जैन थीम के अन्तर्गत अनुमोदित वैशाली-आरा-मसद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चम्पापुरी में तीर्थंकर परिपथ का विकास। अभी तक 26.11 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है।
- वर्ष 2016-17 में 44.76 करोड़ रु. मी लागत से आध्यात्मिक थीम के अन्तर्गत अनुमोदित सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर में आध्यात्मिक परिपथ का एकीकृत विकास। अभी तक 42.52 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है।
- वर्ष 2016-17 में 98.73 करोड़ रु. की लागत से अनुमोदित बौद्ध परिपथ का विकास-बोधगया में सम्मेलन केन्द्र का निर्माण। अभी तक 93.22 करोड़ रु. जारी किए गए हैं।
- वर्ष 2017-18 में 44.65 करोड़ रु. की लागत से ग्रामीण थीम के अन्तर्गत अनुमोदित गाँधी परिपथ: भितिहरवा-चंद्राहिया-तुर्कौलिया का विकास। अभी तक 35.72 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है।
- वर्ष 2017-18 में 47.53 करोड़ रु. की लागत से आध्यात्मिक थीम के अन्तर्गत अनुमोदित मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश में तीर्थयात्रा परिपथ का विकास। अभी तक 38.02 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है।

****